हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, मंगलवार 17 सितंबर 2024
बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

12 शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए डॉ. अलका हुई सम्मानित




11 त्योहारी सीजन में शहर की सड़कों की बत्ती गुल, स्मार्ट ...



## खबर संक्षेप

### श्रीराम नाम सप्ताह यज्ञ का समापन आज

**बालोद।** ग्राम मुढ़िया सुरेगांव में श्रीराम नाम सप्ताह यज्ञ का आयोजन 15 सितंबर से जारी है, जिसका समापन 17 सितंबर को होगा। इसके तहत 15 सितंबर को स्थापना एवं पूजन अर्चना किया गया तथा 16 सितंबर को जय मां सरस्वती गेड़ी नृत्य रामधुनी एवं फाग परिवार, माटराखुज्जी व श्री भक्ति सागर रामधुनी मंडली मनौद की प्रस्तुत हुई। वहीं 17 सितंबर को सुबह 11 बजे जय मां कर्मा रामधुनी मंडली की प्रस्तुत होगी।

### स्कूल में पेवर ब्लाक लगाने विधायक ने किया भूमिपूजन

**डौडीलोहारा।** विधायक अनिला भेड़िया ने ग्राम भरदा के प्राथमिक विद्यालय परिसर में पेवर ब्लॉक का भूमि पूजन कर ग्रामीणों को सौगात दी। इस अवसर पर विधायक ने कहा गांव की जरुरतों को पूरा करने का प्रयास कर रही हूं, आप लोगों ने विश्वास से लगातार तीसरी बार क्षेत्र का सेवा करने का अवसर दिए हैं। इसके लिए आप सभी को बहुत-बहुत धन्यवाद देती हूं। इस अवसर पर प्रदेश प्रतिनिधि अनिल लोढ़ा, ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गोपाल प्रजापति, जनपद सदस्य लक्ष्मी भोयर, रवि कुमार साहू सरपंच, सेवानिवृत्त शिक्षक रान्डे एवं ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

### किल्लेकोडा में रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन आज



**डौंडीलोहारा।** वनांचल क्षेत्र में स्थित ग्राम किल्लेकोडा में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी गणेश विसर्जन एवं भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर भव्य रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन 17 सितंबर को किया जाएगा। जिसमें सामूहिक नृत्य, युगल नृत्य, एकल नृत्य प्रतियोगिता होगी। कुआं चौक गणेश उत्सव समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिन्हा, उपाध्यक्ष नीलकंठ विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष कुशल देवदास, सचिव यशवंत कुमार भंडारी, सह सचिव तामेश्वर, संयोजक तरुण राणा और संरक्षक निर्भय भंडारी हैं। जिनके नेतृत्व में इस प्रकार की प्रतियोगिता का आयोजन पिछले 11 वर्षों से लगातार किया जा रहा है।

### शराब दुकान मैनेजर को मारने की सुपारी ली आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** सुपेला स्थित अंग्रेजी शराब दुकान के मैनेजर को जान से मारने की सुपारी दी। हमला के बाद सुपारी देने वाला आरोपी फरार हो गया था। महीने भर के बाद फरार आरोपी चिखली राजनांदगांव निवासी अश्वनी वर्मा ऊर्फ आशु को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस दिन हुई थी घटना प्रार्थी उमेश कुमार वर्मा निवासी कृष्णा नगर सुपेला द्वारा 5 अगस्त .2024 को रात्रि ड्यूटी कर करीबन 1 बजे अपने घर जा रहा था। जैसे ही वह गणेश मार्केट सुपेला के पास पहुंचा था। उसी दौरान तीन अज्ञात लड़के आये और मोटर सायकल को रोककर चाबी छीनने लगे मना करने पर गाली गलौज करते हुए तुझे जान से मार देंगे कहते हुए हाथ मे रखे चाकू से ताबडतोड वार कर दिया। जिसे प्रार्थी गंभीर रूप से घायल होकर गिर गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही थी। आरोपी राजनांदगांव निवासी अश्वनी वर्मा उर्फ आशु ने सुपेला स्थित अंग्रेजी शराब भट्टी के मैनेजर उमेश कुमार वर्मा को चाकू से मारने की सुपारी दी थी। आरोपी उसके एवज मे 50,000 रूपये आरोपियों को दी जायेगी। जिस पर तीनों आरोपी चाकू मारने के पहले दो दिन रैकी किए। तीसरे दिन मौका मिलने पर चाकू मारकर फरार हो गये थे।

# लेंजवारा शिविर में 119 वृद्धजनों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेरला

शासन स्तर पर हमारे वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उनके के लिए विशेष जांच शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

इसी परिप्रेक्ष्य में विगत दिनों संचालनालय आयुष के निर्देशानुसार जिला आयुष अधिकारी डॉ. वीणा मिश्रा के मार्गदर्शन में आयुष्मान आरोग्य मंदिर शासकीय आयुर्वेद औषधालय टकसींवा के तत्वावधान में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुश कुमार साहू के नेतृत्व में ग्राम पंचायत लेंजवारा में वृद्धजनों के लिए निःशुल्क विशेष स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन जोगी मंच में हुआ। शिविर का उद्घाटन उपसरपंच दिनेश साहू व ग्राम के वरिष्ठ व वयोवृद्ध नागरिकों के द्वारा भगवान धन्वंतरि की पूजा अर्चना कर किया गया। शिविर में वृद्धजनों का बीपी, शुगर व एचबी व नेत्र जांचकर चिकित्सको के परामर्शानुसार 119 लोगों को आवश्यक आयुर्वेदिक औषधियां प्रदान की गई। मौसमी बीमारियों के प्रकोप को देखते हुए रोग-प्रतिरोधक काढ़ा का वितरण किया गया।

शिविर में चिकित्सकों द्वारा विभिन्न जीर्ण बीमारी जैसे श्वासगत रोग, आर्थराइटिस हेतु उचित सलाह दिया गया। साथ ही मधुमेह व उच्च रक्तचाप में उचित आहार विहार के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। शिविर प्रभारी ▶▶ शेष पेज 11 पर

## बीपी, शुगर व एचबी की जांच कर दी गई दवा




### कुपोषण मुक्ति का कारगर उपाय है आयुर्वेद में

उन्होंने बताया कि बच्चों को आयुर्वेद में बतायें अनुसार पोषक तत्वों का ग्रहण कर कुपोषण मुक्त भारत का सपना पूर्ण किया जा सकता है। इसके लिए कुपोषण के चिन्हांकन के लिए अपने शून्य से 6 वर्ष के बच्चों का वजन करवाने व वजन त्योहार में सम्मिलित होने के लिए प्रोत्साहित किया। शिविर के सफल आयोजन में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार हरबंश, फार्मासिस्ट दिगम्बर निकोड़े, पारसमणी ठाकुर, नेत्र सहायक अधिकारी योगेश साहू, सीएचओ टुकेश्वरी साहू, आरएचओ भारत साहू, औषधालय के कर्मचारी होरी लाल यादव, बुधराम पाटिल व गांव के योगेश साहू सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मितानिन प्रशिक्षिका व मितानिन का सहयोग रहा। इस शिविर में बड़ी संख्या में वृद्धजन लाभान्वित हुए। इस कार्यक्रम के अंत में शिविर प्रभारी आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर कुश कुमार साहू ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## जामा मस्जिद में हुई परचम कुशाई, प्रदेश की खुशहाली की मांगी गई दुआ

# हर्षोल्लास से मनाया गया जश्ने ईद मिलादुन्नबी, शहर में निकला जुलूस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

सोमवार हजरत पैगंबर साहब के जन्म उत्सव पर जिला मुख्यालय सहित अंचल में मुस्लिम समुदाय ने हर्षो उल्लास के साथ जश्ने ईद मिलादुन नबी मनाई। नए पोशाक और सुबह मीठे पकवान के साथ एक दूसरे को गले लगाकर समाज के बुजुर्गों एवं युवाओं ने मुबारक बाद दी । इसके पश्चात जिला मुख्यालय में जुलूसे मोहम्मदिया का आयोजन हुआ। दोपहर 2 बजे जामा मस्जिद बेमेतरा से यह जुलूस शहर के विभिन्न मार्गो में भ्रमण करने निकला इसमें मुस्लिम समुदाय के छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्ग शरीक हुए इस दौरान जगह-जगह जुलूस का स्वागत किया गया और मिठाई तथा शरबत का वितरण हुआ।

यह जुलूस शहर के नयापारा, गश्ती चौक, सिग्नल चौक, परशुराम चौक, कचहरी चौक, भारत माता चौक व प्रताप चौक सहित विभिन्न मार्गो से गुजरते हुए वापस जामा मस्जिद पहुंची। जामा मस्जिद के धर्मगुरु ने मुस्लिम समुदाय की उपस्थिति में परचम कुशाई (इस्लामीक ध्वजारोहण ) किया और हजरत पैगंबर साहब की शान में सलातो सलाम पढ़ा और देश, प्रदेश की खुशहाली के लिए दुआएं मांगी गई। इस दौरान इस जामा मस्जिद के पेश इमाम ने हजरत पैगंबर साहब के पैगाम और उनके शांति के दिए गए संदेश पर उपदेश देते हुए कहा की हजरत पैगंबर साहब ने पूरी दुनिया में इस्लाम का परचम शांति और भाईचारे के मोहब्बत से फैलाया है और हमे उन्हीं के बताएं अमन, शांति और भाईचारे के मार्ग पर चलते रहना है और शिद्दत के साथ अमल करते रहना चाहिए।



### बाटा गया लंगर, रहमत ए आलम कॉन्फ्रेंस आज

पैगंबर ए इस्लाम, हजरत सल्लल्लाहुअलैहि वसल्लम के योमें पैदाइश जन्म उत्सव पर मुस्लिम समुदाय ने बाजार पारा स्थित सराय में लंगर एवं बच्चों के बीच विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अलावा आज रात रहमते ए आलम कॉन्फ्रेंस का जलसा होगा। जिसमें मुस्लिम धर्म गुरु अमीने शरीयत हजरत मोहम्मद सलमान मियां सहित देश के नामी मुस्लिम कथा वाचक शामिल होंगे।



### हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जश्न ए ईद मिलाद उन नबी

**थानखम्हरिया।** नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में मुसलमान भाइयों ने ईद मिलाद उन नबी का जश्न मनाया। मस्जिदों में एकत्र होकर नगर के मुख्य मार्गों से भ्रमण कर अपने गंतव्य तक पहुंचे। यह त्योहार पैगंबर मोहम्मद के जन्म और मृत्यु दोनों का प्रतीक है, जिन्हें इस्लाम में अल्लाह का अंतिम दूत माना जाता है। मुसलमान भाइयों ने एक दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारक दी और अल्लाह की रहमत की कामना की। कमेटी प्रमुख ने बताया कि इस दिन मुस्लिम समुदाय के लोग मस्जिदों में एकत्र होकर नमाज पढ़ते हैं और पवित्र कुरान के पाठ से अल्लाह की रहमत बरसती है। लोग अपने परिजनों और दोस्तों से मिलकर ईद की शुभकामनाएं देते हैं। इस त्यौहार को पैगंबर मोहम्मद के जीवन और उनके संदेश के प्रति समर्पित रूप से मनाया जाता है, जिन्होंने अल्लाह के संदेशों को सभी तक पहुंचाया।



# 16 गांवों में डिजिटल क्रॉप सर्वे कार्य जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा/बेरला

भारत सरकार कृषि मंत्रालय एवं प्रधानमंत्री के महत्वकांक्षी प्रोजेक्ट प्रधानमंत्री गतिशील योजना एवं केडेस्ट्रर सर्वे के लिए एग्रिकटैक परियोजना अन्तर्गत डिजिटल क्रॉप सर्वे छत्तीसगढ़ राज्य के चयनित जिलों में विगत 09 सितम्बर को कराया जा रहा है।

प्रशिक्षण उपरांत जिला बेमेतरा के चयनित तहसील भिम्भौरी के 39 ग्रामों में से 16 गांव में केडेस्ट्रल सर्वे युक्त जियो रिफ्रेसिंग ग्रामों का चयन किया गया था। भिम्भौरी में तहसीलदार द्वारा विगत 5 सितम्बर को सभी प्राइवेट फसल सर्वेसको का चयन कर उन्हें पर्याप्त प्रशिक्षण दिया गया। भिम्भौरी तहसील के ग्राम गबदा पीसीएन-09 तथा देवसरा पीसीएन-10 में फसल सर्वेक्षक द्वारा डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य प्रारम्भिक तौर पर किया गया। डिजीटल क्रॉप सर्वे माध्यम के प्रत्येक कृषक अपने कृषि भूमि का स्वंय सर्वे कर सकते है। आगामी वर्षो में डिजीटल इंडिया का स्वर्णिम अवसर को इस सर्वे और एप के माध्यम से मूर्त रूप दिया जा सकता है। डिजिटल क्रॉप सर्वे एग्रीकटैक परियोजना वर्ष 2024-25 के लिए लांच किए गए एप के माध्यम से प्रत्येक भू-धारक अपनी कृषि भूमि का डिजीटल हस्ताक्षर भी करा सकते है। भिम्भौरी तहसील इलाके के 16 ग्राम में डिजीटल क्रॉप सर्वे कक पूर्ण करने का समयसीमा 30 सितम्बर तक रखा गया है।

- भू-धारक कृषि भूमि का डिजिटल हस्ताक्षर भी करा सकेंगे

# पार्षद ने किया वजन त्योहार का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

बाबा रामदेव वार्ड क्रमांक 11के आंगनबाड़ी केन्द्र में राष्ट्रीय पोषण माह के तहत वजन त्यौहार का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ पार्षद नीतू कोठारी ने किया। शुभारंभ के अवसर पर नीतू कोठारी ने कहा कि माताओं को बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष तौर पर ध्यान देना चाहिए उन्हें संतुलित तथा पौष्टिक आहार का सेवन कराए ताकि उनका स्वास्थ्य अच्छा एवं वजन संतुलित हो सके।

पार्षद ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से राष्ट्रीय पोषण माह 2024 की गतिविधियों की जानकारी भी ली प्रत्येक बच्चों के वजन स्वास्थ्य जांच की जानकारी ली और स्वयं का वजन कराकर बताया कि राष्ट्रीय पोषण माह के तहत आज वजन त्यौहार कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है। यह कार्यक्रम 23 सितंबर तक किया जाना है। जिसमें शून्य से 6 वर्ष से कम बच्चों का वजन एवं ऊंचाई जांच कर कम वजन वाले बच्चों को चिन्हित कर कुपोषण की स्थिति का पता लगाया जाएगा। इस दौरान उनके कुपोषण के स्तर की भी जांच की जाएगी। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रेखा पाठकर, क्षमा साहू ने बताया कि वजन त्यौहार का उद्देश्य 6 वर्ष से कम आयु के बच्चों के पोषण स्तर का आंकलन कर शत प्रतिशत रुप में सुपोषित करना है। इस अवसर पर आंगनबाड़ी सहायिका पूर्णिमा यादव, सुनीता यादव मितानिन मिथलेश चक्रधारी, वर्षा शर्मा एवं वार्डवासी उपस्थित थे।




# किताब लेखन के लिए शुचिता का चयन

हरिभूमि न्यूज. बेमेतरा

- चार दिवसीय कार्यशाला का आयोजन रायपुर में किया गया

राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद एससीईआरटी रायपुर द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति एनईपी 2020 पर आधारित एनसीईआरटी द्वारा तैयार किए गए कक्षा एक दो तीन के सभी पाठ्य पुस्तकों के लेखन पर चार दिवसीय कार्यशाला का आयोजन रायपुर में किया गया।

जिसमें बच्चों के बुनियादी शिक्षा और संख्यात्मक ज्ञान को पुख्ता करने के साथ साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्यों को पूर्ण करने हेतु पाठ्य पुस्तक तैयार किया जा रहा है। इस लेखन कार्य के लिए बेमेतरा जिला से शासकीय प्राथमिक शाला खिलोरा की नवाचारी शिक्षिका सुचिता निषाद का चयन हिंदी विषय के पाठ्य पुस्तक लेखन कार्य के लिए किया गया है। जिसके लेखन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ ललित साहू पाठ्यपुस्तक प्रकोष्ठ कौस्तव चटर्जी लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन से चंदन यादव इंदौर, रूम टू रीड से ताहिर अली भोपाल, अजय मिश्रा, व्याख्याता डाइट रायपुर, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से रवि सिंह रायपुर और छत्तीसगढ़ के महासमुंद, बलौदा बाजार जिले से एक-एक शिक्षक शिक्षिका सम्मिलित रहे। नई शिक्षा नीति 2020 आधारित लक्ष्य बच्चों की बुनियादी शिक्षा और संख्यात्मक ज्ञान पर जोर डालते हुए रुचि पूर्ण गतिविधियों के साथ पाठ्य पुस्तक लेखन में रोचक कहानी/कविताओं के साथ पुस्तक लेखन कार्य किया जा रहा है।

इसके पूर्व भी छत्तीसगढ़ राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद रायपुर में नवाचारी शिक्षिका सुचिता निषाद द्वारा बालवाड़ी पाठ्यपुस्तक लेखन कार्य और एफएलएन, ईसीसीई, बालवाड़ी, खिलौना आधारित सहित अनेक प्रशिक्षण में सहभागिता दी गई है। नवाचारी सुचिता निषाद के चयन होने पर जिले के सबसे बड़े शिक्षा संस्थान जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट बेमेतरा के प्राचार्य जे के घृतलहरे व जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा डॉ. कमल कपूर बंजारे ने बधाई व शुभकामना दिये है।



## कन्या स्कूल देवकर में स्वच्छता पखवाड़ा पर विविध आयोजन

# मन व मस्तिष्क को स्वस्थ रखना आवश्यक : पटेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

शासकीय कन्या प्राथमिक शाला देवकर में स्वच्छता पखवाड़ा और हिन्दी दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन बहुत सुंदर तरिके से किया गया।

वर्तमान शिक्षा सत्र में शासन के आदेशानुसार एक पखवाड़ा तक शालाओं में स्वच्छ्ता संबंधित विविध गतिविधियों का आयोजन किया जाना है। जिसके अंतर्गत शाला में हाथ धोने के सात स्टेप बच्चों को बताया गया, स्वच्छता शपथ शिक्षकों और बच्चों ने लिया, साथ ही जल संरक्षण के महत्व को भी बच्चों को बताया गया। स्वच्छता संबंधी नारे लगाए गये। स्वच्छता गीत हाव-भाव के साथ गाया गया। शाला की प्रधान पाठिका गिरिजा पटेल द्वारा बच्चों व सभी शाला परिवार के सदस्यों से अपील की गई, कि हमें बाहरी दुनियां के साथ साथ अपने मन और मस्तिष्क को भी स्वच्छ बनाना होगा। तभी हम इस स्वच्छता के मुहिम में अपना योगदान सही मायने में दे पाएंगे। साथ ही 14 सितंबर को शाला में हिन्दी दिवस भी मनाया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 14 सितंबर 1949 को ही हिन्दी भाषा को भारत की संविधान सभा में औपचारिक भाषा का दर्जा प्राप्त हुआ था। इस दिन को खास बनाने के लिये प्रतिवर्ष इस दिन को हिन्दी दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस उपलक्ष्य पर पर बच्चों के हथेलियों पर हिन्दी के अक्षर लिख कर पहचान कराया गया।

हिन्दी दिवस की मेहंदी बच्चों ने लगाई। हिन्दी दिवस पर कविता वाचन किया हिन्दी भाषा के सम्मान हेतु शपथ ग्रहण किया। उक्त आयोजन में मैमुना सुल्ताना ,वीणा रावटे, आशुतोष चौबे, रसोईया पुष्पा, महेंशिया, सुनीता, खेमा, राम प्यारी, सुंदर और शाला परिवार की बालिकाएं उपस्थित थे।




### हाईवा से टकराने पर बाइक सवार की मौत

**भिलाई।** हाइवा से टकराकर एक बाईक सवार युवक की मौत हो गई। वहीं दो अन्य घायलों को जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती किया गया है। दाखिल कराया गया है। पुरानी भिलाई पुलिस के मुताबिक मृतक युवक देवा साहू पिता शत्रुघन साहू (21 वर्ष) निवासी बीरगांव उरला रायपुर है। पुरानी भिलाई थाना प्रभारी महेश ध्रुव ने बताया कि एक ही बाइक में सवार ग्राम -उरला सिलतरा रायपुर के तीन युवक भिलाई आ रहे थे। नेशनल हाइवे रोड 53 चरोदा के पास हाइवा से टकरा गए। ठोकर से देवा साहू पिता शत्रुघन साहू (21 वर्ष) निवासी बीरगांव उरला रायपुर ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप

### दर्शन बंदगी कार्यक्रम में कई प्रांतों के भक्त होंगे शामिल

**रायपुर।** भादो पूर्णिमा के शुभ अवसर पर गुरु कबीर आश्रम प्रकाश कुंज कटोरा तालाब में 17 सितंबर को दर्शन बंदगी कार्यक्रम का आयोजन है। इस कार्यक्रम के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। समारोह में छत्तीसगढ़ के अलावा अनेक प्रांतों से भक्तजनों का आगमन हो रहा है। कार्यक्रम के व्यवस्थापक प्रशांत शर्मा ने बताया कि सुबह 8 बजे गुरु महिमा पाठ एवं पूणो महत्तम पाठ संत महंतों द्वारा किया जाएगा। इसे बाद आश्रम स्थित सद्गुरु कबीर मंदिर में वंशाचार्य साहब द्वारा पूजा-अर्चना की जाएगी।

### युवा शक्ति संगठन ने मनाया ओजोन परत संरक्षण दिवस

**दुर्ग।** युवा शक्ति संगठन बोरसी के युवाओं द्वारा ओजोन परत सरंक्षण दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि आरएन सिन्हा ईको क्लब संयोजक स्कूल शिक्षा विभाग थे। इस अवसर पर उन्होंने वृक्षारोपण भी किया । कार्यक्रम में श्री सिन्हा ने युवाओं को सम्बोधित करते हुए ओजोन परत का मानव जीवन में महत्व ओजोन परत का सरंक्षण के लिए, बिजली से चलने वाले आधुनिक उपकरणों का संयमित उपयोग, अधिक से अधिक वृक्षारोपण आदि विषयों पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्कूल शिक्षा विभाग व छत्तीसगढ़ पर्यावरण सरंक्षण मंडल के मार्गदर्शन में ईको क्लब का गठन व कल के भविष्य आज के विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों को अनिवार्य पर्यावरण से जोड़ने की पहल की जानकारी दी। श्री सिन्हा ने युवाओं द्वारा पर्यावरण को सरंक्षित करने के लिए प्रति सप्ताह वृक्षारोपण व उसके सरंक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

### मतदाता सूची पुनरीक्षित करने अधिकारी नियुक्त

**दुर्ग।** त्रिस्तरीय पंचायत के आम निर्वाचन 2024-25 हेतु दुर्ग जिले के जनपद पंचायतों की मतदाता सूचियां 1 जनवरी 2024 की संदर्भ तिथि के आधार पर तैयार पुनरीक्षित किया जाना है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने त्रिस्तरीय पंचायत की मतदाता सूची तैयार करने के लिए छत्तीसगढ़ पंचायत निर्वाचन नियम 1995 के नियम 18 के अनुसार दुर्ग जिले के जनपद पंचायत दुर्ग, धमधा तथा पाटन के लिए फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए अधिकारियों को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण तथा अपीलीय प्राधिकारी नियुक्त किया है।

# शूकर की संक्रामक बीमारी से निपटने देश की पहली वैक्सीन का ट्रायल शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर


भारत में शूकर-सुअर में होने वाली गंभीर संक्रामक बीमारी 'पोर्सिन री-प्रोडक्टिव एंड रेस्पिरेटरी सिंड्रोम', पीआरआरएस से बचाव के लिए वैक्सीन तैयार की गई है। देश की यह पहली वैक्सीन है, जिसका ट्रायल विभिन्न राज्यों में किया जा रहा है। इसी क्रम में इसका ट्रायल सरगुजा जिले के शासकीय शूकर पालन केंद्र सकालो में अलग-अलग आयु के 50 शूकरों पर किया जा रहा है। इस बीमारी को ब्लू इयर के नाम से भी जाना जाता है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशुरोग संस्थान भोपाल में वैक्सीन तैयार की गई है। संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. राजू कुमार व डॉ. फतह सिंह द्वारा वैक्सीन का ट्रायल किया जा रहा है। वैक्सीन लगने के बाद शूकरों पर इसके प्रभाव का अध्ययन किया जा रहा है। अभी तक शूकरों में स्वास्थ्य संबंधी कोई समस्या नहीं आई है।

अलग खबर

## सरगुजा के बाद छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों में भी होगा वैक्सीन का ट्रायल

### छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में ट्रायल

वैक्सीन बनाने के बाद लगातार ट्रायल किया जा रहा है। सरगुजा के बाद छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों में भी इस वैक्सीन का ट्रायल किया जा सकता है। वैज्ञानिक के मुताबिक, 21 दिन बाद शूकरों को बूस्टर डोज लगाया जाएगा। देश के एक या दो अन्य केंद्रों के शूकरों में भी वैक्सीन का ट्रायल करने के बाद इसे उपयोग में लाया जाएगा। जानकारी के मुताबिक, बीमारी के लक्षण अत्यधिक तेज बुखार, भूख में कमी, आंखों से पानी बहना, सांस लेने में दिक्कत, गर्भपात, नाक से स्राव है। अभी तक इस बीमारी की वैक्सीन नहीं थी, लेकिन अब बनकर तैयार है। ट्रायल के बाद देश को वैक्सीन मिल जाएगी।



### निर्देशित किया गया

शासकीय शूकर पालन फार्म अंबिकापुर में 'पोर्सिन री-प्रोडक्टिव एंड रेस्पिरेटरी सिंड्रोम का वैक्सीन ट्रायल चल रहा है। फार्म को सभी एसओपी का पालन करने को निर्देशित किया गया है।

**- डॉ. प्रियंका शुक्ला,** संचालक, पशुधन विकास विभाग

### वैक्सीन लगा रहे

राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशुरोग संस्थान भोपाल में विकसित वैक्सीन का पहला फील्ड ट्रायल सरगुजा में चल रहा है। संस्थान के वरिष्ठ विज्ञानी शूकरों में वैक्सीन लगा रहे हैं। वैक्सीन लगने के बाद शूकरों के स्वास्थ्य का अध्ययन किया जा रहा है।

**- डॉ. सीके मिश्रा,** प्रभारी, शासकीय शूकर पालन केंद्र

### देशभर में तेजी से फैल रही बीमारी

शूकरों की इस बीमारी को सबसे पहले 1987 में अमेरिका में देखा गया था। उसके बाद 1991 में नीदरलैंड में वायरस की पहचान हुई। यूरोपीय और अमेरिकी देशों के बाद यह बीमारी अब भारत में भी पहुंच चुकी है। यह बीमारी शूकर पालकों को बड़ी आर्थिक चोट पहुंचाती है। इसी कारण भारत देश में इसकी वैक्सीन तैयार की गई है।

## शिकायत के बाद भी बदल नहीं रहे खराब लाइट, जनता परेशान

# त्योहारी सीजन में शहर की सड़कों की बत्ती गुल, स्मार्ट पोल केवल शो पीस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

शहर की स्ट्रीट लाइट मेंटेनेंस का सिस्टम पूरी तरह गड़बड़ है। शहीद हेमू कालाणी वार्ड स्थित देवेंद्र नगर थाना चौक से राणा हास्पिटल, दुल्हन साड़ी सेंटर से महालक्ष्मी मार्केट मुख्य मार्ग पर रायपुर स्मार्ट सिटी द्वारा लगवाए गए दर्जनों स्मार्ट पोल की लाइटें महीनेभर से बंद पड़ी हैं। तीन बार इसकी शिकायत कपड़ा व्यापारियों ने स्मार्ट सिटी के अधिकारियों से की। निदान 1100 में शिकायत दर्ज कराई, पर समस्या जस के तस है। इसी तरह आउटर के वार्ड कचना, आमासिवनी, बंजरपारा बस्ती, भवानी नगर इलाके की करीब 100 स्ट्रीट लाइट की रिपेयरिंग करने सालभर पहले ले गए, लेकिन आज तक लाइट वापस लाकर नहीं लगाई।

**निगम प्रशासन से लेकर अनुबंधित एजेंसी तक से लगा चुके गुहार**



### दूर करेंगे शिकायत

शहर के स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत का काम अब तक अनुबंधित एजेंसी के जिम्मे था। अब नगर निगम अमला बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटें बदलने, खंबे में आई खराबी दूर करेगा। इसके लिए टेंडर किया जाएगा। लोगों की शिकायत जल्द ही दूर करेंगे।

**- एजाज ढेबर,** महापौर

**केस 1**

### कचना, आमासिवनी बस्ती में अंधेरा

नगर निगम जोन-9 क्षेत्र स्थित मोतीलाल नेहरू वार्ड के गांव कचना और आमासिवनी बस्ती की स्ट्रीट लाइटें एक अरसे से बंद पड़ी हैं। इन बंद लाइटों को निगम वाले रिपेयरिंग करने के नाम पर सालभर पहले निकालकर ले गए, पर वापस लाइट आज तक नहीं लगाने आए। वार्ड पार्षद गोपेश साहू का कहना है, सांझ ढलते ही इन दोनों गांवों के रहवासियों को अंधेरे में रहना पड़ता है। गली में लाइट बंद होने से अंधेरा रहता है। यह स्थिति बंजरपारा बस्ती और भवानी नगर की भी है। इसकी शिकायत जोन-9 और निगम मुख्यालय में विभागीय अधिकारियों से की है, पर जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे।

**केस 2**

### कपड़ा मार्केट में स्ट्रीट लाइटें बंद

शहीद हेमू कालाणी वार्ड के पंडरी कपड़ा मार्केट के अंदरूनी हिस्से की स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी हैं। दुल्हन साड़ी सेंटर पंडरी से महालक्ष्मी कपड़ा मार्केट तक लाखों रुपये खर्च कर स्मार्ट सिटी द्वारा लगवाए गये स्मार्ट पोल शो-पीस बनकर रह गए हैं। इसी तरह देवेंद्र नगर मुक्तिधाम से देवेंद्र नगर थाना चौक तक अंधेरा छाया रहता है। पंडरी थोक कपड़ा मार्केट एसोसिएशन के संरक्षक चंदर विधानी ने 3 बार इसकी शिकायत निगम के अधिकारियों से की, पर कोई देखने तक नहीं आया। शहर के मुख्य मार्केट की स्ट्रीट लाइटें बंद होने से लोग परिवार के साथ रात के समय मार्केट आने में हिचक रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, अंधेरा होने से चेन स्नेचिंग की घटनाएं भी बढ़ी हैं।

**केस 3**

### बूढ़ातालाब का परिक्रमा पथ अंधेरे में

*नगर निगम और रायपुर स्मार्ट सिटी द्वारा दो फेज में 27 करोड़ खर्च कर बूढ़ातालाब का सौंदर्यीकरण कराया गया। इस दौरान बूढ़ातालाब के परिक्रमा पथ पर नई स्टाइलिश लाइटें जगमग रोशनी के लिए लगाई गईं। इनमें से चांदनी चौक से ब्रह्मपुरी ढाल तक लगाए गए दर्जनभर से ज्यादा नए पोल की लाइटें महीनेभर से बंद पड़ी हैं। इस मार्ग का उपयोग आसपास के कालोनीवासियों समेत शहरवासी अक्सर करते हैं। इसके बाद भी संबंधित जोन व निगम मुख्यालय के अधिकारी बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटें ठीक नहीं करा पाए।*

**केस 4**


### दावड़ा कॉलोनी, लालपुर, भैरवनगर में भी दिक्कत

रविंद्रनाथ टैगोर वार्ड के लालपुर के मौसम विभाग के पास 4 स्ट्रीट पोल की लाइटें खराब हैं। भैरव सोसायटी से कृष्णानगर मार्ग पर लगाये गए स्ट्रीट पोल में लाइट ही नहीं है। इसी तरह दावड़ा कॉलोनी में स्ट्रीट लाइटें नहीं होने से लोग परेशान हैं। गायत्री मंदिर, कालीनगर से अपना चौक तक स्ट्रीट लाइट नहीं होने से इस क्षेत्र में अंधेरा छाया रहता है। पार्षद रवि ध्रुव ने बताया कि निगम के अधिकारी शिकायत के बाद भी नहीं सुन रहे।

## डेढ़ महीने में मकान नहीं देने पर दोगुनी रकम लौटाने का झांसा, 48 लाख ठगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

टिकरापारा थाने में एक महिला ने एक व्यक्ति तथा उसकी कंपनी के खिलाफ मकान दिलाने का झांसा देकर 48 लाख रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जालसाज ने महिला को डेढ़ महीने के भीतर मकान नहीं दिलाने की स्थिति में दोगुनी रकम लौटाने का झांसा देकर अपने जाल में फंसाया था। पुलिस के मुताबिक, अनामिका वैष्णव ने ऐश्नी होम्स प्राइवेट लिमिटेड के संचालक राकेश मंडल, उसकी पत्नी तथा अन्य के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। अनामिका ने पुलिस को बताया कि राकेश का लालपुर में दफ्तर है। जहां उसने अपने परिचित के माध्यम से पिछले वर्ष राकेश से संपर्क किया था। राकेश ने अपनी कंपनी को आरडीए से अधिकृत बताकर अनामिका को कमल विहार में फ्लैट दिलाने का झांसा देकर उसके साथ एग्रिमेंट कर रकम ले ली। ठगी की आशंका होने पर अनामिका ने आरडीए में संपर्क करने पर राकेश द्वारा महज एक लाख रुपए जमा करने की जानकारी मिली। अनामिका के अनुसार, राकेश ने इसी तरह को झांसा देकर अर्चना गुप्ता से भी 15 लाख की ठगी की है।




■ मुंगेली निवासी महिला ने टिकरापारा थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट

### समझौते के लिए दबाव बनाने झूठी रिपोर्ट

अनामिका ने पुलिस को बताया कि राकेश की पत्नी सरिता ने कोर्ट में समझौता करने उनके खिलाफ थाने में झूठी शिकायत दर्ज कराई है। राकेश ने ठगी करने कूटरचित दस्तावेज तथा मकान की फोटो दिखाकर उन्हें अपने जाल में फंसाया।

## पेज 9 का शेष

### लेंजवारा शिविर में ...

आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुश कुमार साहू ने वृद्धजनों को आयुर्वेद अनुसार निरोधक (प्रिवेंटिव) एवं प्रोत्साहक (प्रमोटिव) स्वस्थ दिनचर्या, ऋतुचर्या, नियमित शारीरिक व्यायाम, संतुलित आहार, आयुर्वेद व योग के माध्यम से तनाव प्रबंधन आदि के विषय में जानकारी देते हुए इस अपनाने की सलाह दी। शिविर में आयुष्मान आरोग्य मंदिर टकसींवा की योगाचार्य सूर्य किरण साहू ने वृद्धजनो को उनके रोग के अनुसार लाभदायक आसन प्राणायाम की जानकारी देकर योगाभ्यास करवाया। शिविर में पोषण माह को ध्यान में रखते हुए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ द्वारा विभिन्न पोषक आहारों की प्रदर्शनी भी लगायी गई। आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रवीण कुमार हरबंश ने इन पोषक के आहार के आयुर्वेद अनुसार पोषकता के विषय में विस्तार से जानकारी प्रदान की।

## केंद्रीय इस्पात मंत्री से कांग्रेस के सवाल

# नगरनार के विनिवेशीकरण पर दें स्पष्टीकरण : बैज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

केंद्रीय इस्पात एवं भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमारस्वामी के दो दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर सवाल उठाते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, लोकसभा और विधानसभा चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री ने बस्तर समेत छत्तीसगढ़ की जनता से यह वादा किया था कि एनएमडीसी का नगरनार प्लांट निजी हाथों में नहीं बेचा जाएगा। वर्तमान में केंद्र सरकार के विनिवेशीकरण के वेबसाइट दीपम पर एनएमडीसी के नगरनार प्लांट को बेचने की प्रक्रिया तेजी से संपन्न की जा रही है। केंद्रीय इस्पात मंत्री को एनएमडीसी नगरनार प्लांट के विनिवेशीकरण के संदर्भ में भाजपा सरकार का स्टैंड स्पष्ट करना चाहिए। भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार के फोकस में केवल अपने चंद पूंजीपति मित्रों का हित है। भाजपा की सरकार में छत्तीसगढ़ की लगातार उपेक्षा की जा रही है। लोकसभा में छत्तीसगढ़ से भाजपा के 10 सांसद हैं, लेकिन छत्तीसगढ़ की लगातार उपेक्षा होने के बाबजूद दलीय चाटुकारिता में भाजपा के सांसद मौन हैं। उन्होंने कहा, मध्यभारत में लौह अयस्क के उत्खनन का काम करने वाली अग्रणी नवरत्न कंपनी एनएमडीसी एक सरकारी उपक्रम है, जिसके 6 बड़े माइंस छत्तीसगढ़ में संचालित हैं।



### एनएमडीसी की गतिविधियों की हो जांच

*कोल की रॉयल्टी में पेनाल्टी के छत्तीसगढ़ का हिस्सा पिछले 7 साल से केंद्र के पास लंबित है। आयरनओर की रॉयल्टी में पहले प्रोडक्शन पर रॉयल्टी मिलती थी। अब केंद्र सरकार ने विक्रय पर रॉयल्टी देने की व्यवस्था बनाई है, जिससे छत्तीसगढ़ को भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है।*

# छत्तीसगढ़ में अब रजिस्ट्री से राजस्व वसूली का लक्ष्य चार हजार करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने रजिस्ट्री से प्राप्त राजस्व लक्ष्य में 1500 करोड़ की वृद्धि करते हुए इसे चालू वित्तीय वर्ष 2024-24 के लिए 4 हजार करोड़ रुपए तय किया है। इससे पहले पिछले वित्तीय वर्ष में यह लक्ष्य 2500 करोड़ रुपए था। खास बात ये है कि इसी साल 1 अप्रैल से रजिस्ट्री दर पर पिछली सरकार द्वारा दी जा रही 30 प्रतिशत की छूट को समाप्त कर दिया गया है। इस हिसाब से देखें तो रजिस्ट्री से मिलने वाले राजस्व में 30 प्रतिशत की वृद्धि तय है। इसी आधार पर माना जा रहा है कि रजिस्ट्री से मिलने वाले राजस्व में हजार करोड़ की वृद्धि होनी तय है।

### सबसे बड़ा लक्ष्य रायपुर जिले का

राज्य के महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। राज्य के सभी जिलों के लिए राजस्व प्राप्ति का नया लक्ष्य तय किया गया है। इस हिसाब से सबसे अधिक लक्ष्य रायपुर जिले के लिए रखा गया है, यह 155 करोड़ रुपए से अधिक का है। इसके बाद के क्रम में बिलासपुर 470 करोड़, दुर्ग 560 करोड़, राजनांदगांव 170 करोड़, जांजगीर-चांपा 166 करोड़, रायगढ़ 169 करोड़, सरगुजा 69 करोड़, बलरामपुर 7 करोड़, सूरजपुर 2 करोड़, बस्तर 62 करोड़, कोरबा 70 करोड़, धमतरी 80 करोड़, बलौदाबाजार 122 करोड़, मुंगेली 60 करोड़, बेमेतरा 10.5 करोड़, बालोद, 70 करोड़, गरियाबंद 20 करोड़, महासमुंद 80 करोड़, कवर्धा 65 करोड़, जशपुर 18 करोड़, कोरिया 22 करोड़, कांकेर 29 करोड़, दंतेवाड़ा। इन 23 जिलों में नए जिले व संबद्ध राजस्व जिले भी शामिल हैं।

### कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश

महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक ने राजस्व प्राप्ति के नए लक्ष्य संबंधी आदेश में राज्य के सभी वरिष्ठ जिला पंजीयक, सभी जिला पंजायकों से कहा है कि वे दिए गए लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कार्ययोजना तैयार कर उप पंजीयक कार्यालयवार मासिक आय, लक्ष्य, राशि एवं प्रतिशत में निर्धारण कर भेजें।

# चुनाव में कई स्कूलों के पूरे शिक्षकों की ड्यूटी, कहीं एक ही संभाल रहे मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

आगामी दिनों होने वाले त्रिस्तरीय चुनाव को लेकर शिक्षको की ड्यूटी लगाई गई है, जिसके चलते स्कूलों में पढ़ाई पूरी तरीके से ठप हो गई है। हालत यह है कि, कई स्कूलों में जितने शिक्षक हैं उन सभी की ड्यूटी लगा दी गई है तो कहीं एक ही शिक्षक पहली से लेकर पांचवी तक बच्चों को अकेले पढ़ाने मजबूर हो गए हैं।

जानकारी अनुसार जिले में डेढ़ हजार से अधिक बीएलओ की ड्यूटी लगाई गई है। शिक्षक गुणवत्ता में कसावट लाने के लिए प्राथमिक स्कूलों को बेस माना गया है, लेकिन यहां प्राथमिक स्कूल के ही शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। जिले में 582 प्राथमिक स्कूल है। चुनाव सर्वे के लिए यहीं से शिक्षकों को ड्यूटी लगाई गई है। पूर्व माध्यमिक एवं हाई सेकेण्डरी स्कूलों में पर्याप्त संख्या में स्टाफ शिक्षक, विज्ञान शिक्षक होने के बावजूद ड्यूटी यहां नहीं लगाई जाती। तहसील विभाग शिक्षा विभाग से समय समय पर सेटअप के अनुसार जानकारी नही मांगने के कारण प्राथमिक स्कूलों के बच्चो का पढ़ाई का नुकसान उठाना पड़ रहा है। दुर्ग विकासखण्ड में इन दिनों अधिकांश प्राथमिक स्कूलों में पढ़ाई व्यवस्था पूरी तरह अस्त व्यस्त हैं। बच्चो का आधार निर्माणकर्ता बच्चो की बेसिक शिक्षा के निर्माणकर्ता इन दिनों अन्य पिछड़ा वर्ग के अंतर्गत जातीय सर्वे में व्यस्त है। तहसील कार्यालय द्वारा लगाई गई बीएलओ ड्यूटी में ऐसे कई स्कूल है, जहाँ पर एक साथ दो, तीन, चार और पांच-पांच शिक्षको की डयूटी लगा दिया गया है। इसका प्रमुख कारण यह है कि, जिला निर्वाचन द्वारा शिक्षा विभाग से समय समय जानकारी न लेना भी हैं कि किस स्कूल में कितने शिक्षक पदस्थ है। कितने बच्चो के बीच मे जिसका खामियाजा नॉनिहाल बच्चो को भुगतना पड़ रहा है। हालात यह है कि, कुछ स्कूलों में ताला बन्दी की स्तिथि निर्मित हो गई हैं या आधारभूत पढ़ाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है।



**नहीं ली जाती शिक्षा विभाग से जानकारी:** चुनाव ड्यूटी लगाने के लिए तहसीलदारों द्वारा वर्तमान की स्थिति नहीं ली जाती। जबकि स्कूलों में शिक्षकों के सेटअप अंतर होता है। प्रश्न यह उठता है कि, बीएलओ कार्य मे सिर्फ प्राथमिक स्कूलों के शिक्षक की क्यों ड्यूटी लगाई जाती है, जबकि पूर्व माध्यमिक स्कूलों में और हाई सेकेण्डरी स्कूलों में पर्याप्त शिक्षक एवम विज्ञान सहायक होते है। शिक्षक संगठनों की मांग है कि, विभाग से जानकारी मांग कर तहसील कार्यालय को ड्यूटी लगाई जानी चाहिए। जिससे पढ़ाई की व्यवस्था का संतुलन बनी रहे।

### दिवंगत नेता येचुरी की स्मृति में शोकसभा, दी श्रद्धांजलि

**रायपुर।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव सीताराम येचुरी की स्मृति में पार्टी की छत्तीसगढ़ राज्य समिति ने रायपुर प्रेस क्लब में रविवार को एक शोकसभा रखी।

जहां राजनीति, जनसंगठनों व समाज के विविध क्षेत्रों से जुड़ी प्रमुख हस्तियों ने कहा कि कामरेड सीताराम येचुरी के निधन से वामपंथी, जनवादी आंदोलन के साथ ही देश ने एक बड़ा जननेता खो दिया। इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि सीताराम येचुरी को उनकी पार्टी के साथ ही दूसरे तमाम राजनीतिक दलों द्वारा भी सम्मान की दृष्टि से देखा जाता था।

### सरस्वती शिशु मंदिर में हिंदी दिवस पर हुए विविध कार्यक्रम


**दुर्ग।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कसारीडीह में हिंदी दिवस पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें लायंस क्लब दुर्ग विजन के बैनर में निबंध प्रतियोगिता आयोजित किया गया। आयोजन दो श्रेणियों में हुआ कक्षा षष्ठ से अष्टम व नवम, दशम सभागार में कार्यक्रम का आयोजन कर निबंध स्पधार् में प्रथम, द्वितीय, तृतीय दोनों वर्ग के भैया, बहनों को प्रतीक चिन्ह देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर लायंस क्लब अध्यक्ष श्रीमती मीनाक्षी अग्रवाल, डॉ रुचि सक्सेना, श्रीमती दुर्गेश नंदिनी व प्राचार्य श्रीमती कृपा शर्मा उपस्थित थे।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI DAGANIA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र–छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
अग्रसेन एजुकेशन केम्पस,ग्राम -डगनिया, दुर्ग-बलोद मेन रोड, तह. गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)
89595-93937 • 89595-44444

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### गणेश उत्सव समिति ने किया जसगीत का आयोजन

**बालोद।** ग्राम पसौद में गणेश उत्सव समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से जसगीत का आयोजन किया गया। इसके उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि निजी चिकित्सा संघ प्रदेश अध्यक्ष डॉ. हरिकृष्ण गंजीर थे।

### लापरवाही, 14 निगम कर्मियों को नोटिस

**भिलाई।** नगरीय निकायों के आम निर्वाचन हेतु आरक्षण के संबंध में अन्य पिछड़ा वर्ग के सर्वेक्षण का कार्य किया जाना है। इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले भिलाई निगम के 14 कर्मियों को नोटिस जारी किया गया है। हैरत की बात यह है कि इनमें 12 कर्मचारी बीएलओ कार्य करने वाले हैं और दो कर्मचारी वार्ड नोडल अधिकारी हैं। बीएलओ सुरेश रामटेके पंप सहायक, पौलूस मसीह पंप सहायक, राजाराम निषाद हेल्पर, मिथलेश कुमार पाण्डेय पंप सहायक, विवेक साहू स्वच्छता पर्यवेक्षक, रोहित कुमार सिंह सहायक ग्रेड 3, राजेन्द्र तिवारी उपराजस्व निरीक्षक, उमेश कोरी, भृत्य, सोनू सोनवानी, भृत्य, हेमादास मानिकपुरी पंप सहायक, यतराम चंद्राकर, पंप सहायक, विकास बेलकर हैं। वार्ड नोडल अधिकारी जयेन्द्र मेश्राम और अन्नपूर्णा बंजारे सहायक राजस्व निरीक्षक को नोटिस जारी किया गया है।

### टाउनशिप से हटाई गई अवैध प्रचार सामग्री

**भिलाई।** बीएसपी, नगर सेवाए, एनफोर्समेंट डिपार्टमेंट द्वारा टाउनशिप से अवैध प्रचार सामग्री और आवारा मवेशी हटाये गये। संयंत्र परिसर के भीतर सड़क दुर्घटना रोकने हेतु विभिन्न विभागों के आस पास से 15 आवारा मवेशी पकड़ कर भिलाई निगम निगम द्वारा संचालित कोशा नगर गौठान के सुपुर्द किया गया। प्लांट के भीतर हरियाली होने के वजह से ये आवारा मवेशी घुस कर विभिन्न सड़कों पर बैठ जाते है, जिनके वजह से विभिन्न शिफ्ट में ड्यूटी जाने वाले कार्मिकों का सड़क को दिक्कतों का सामना पड़ता है। सेंट्रल एवेन्यू तथा रोड नंबर पांच से करीब 400 से अवैध बैनर, पोस्टर तथा होर्डिंग हटाए गया।

### पत्थर से युवक की हत्या, नाले के दलदल में फंसा आरोपी

**भिलाई।** आपस में युवकों के बीच विवाद गहराने के बाद एक बड़ी घटना हो गई। आरोपी युवक ने अपने ही दोस्त की हत्या पत्थर से सिर कुचलकर कर दी। हत्या करने के बाद वह भागने लगा लेकिन नाले के दलदल में जा फंसा और रात भर अचेत पड़ा रहा। अचेतावस्था में उसे लाने के बाद हत्या का राज खुला। आरोपियों में मृतक को मोबाइल दिलाने और शराब पिलाने के नाम पर अपने साथ ले गए थे। मृतक नरेंद्र गायकवाड़ अपने दोस्त आयुष और निकेश के साथ जामुल मोबाइल लेने आया था । यहां पर उसे जितेंद्र वर्मा निवासी ढौर मिला। उसके साथ दो और लड़के थे। जितेंद्र वर्मा उसको मोबाइल दिलाने और शराब पिलाने की बात कहकर बीईसी कंपनी के पीछे ख़ाली मैदान पर ले आया। जहाँ सुनसान जगह पर मौका पाकर जितेंद्र वर्मा और उसके साथ आए 2 अन्य लड़कों ने मारपीट शुरू कर दी। आयुष और निकेश ने बताया हम लोगों को भी मारे हम लोग भागे और आरोपी जितेन्द्र ने मृतक नरेंद्र के सिर पर पत्थर से वार किया । आरोपी जितेंद्र वर्मा भागने के फिराक में दलदली नाले में गिर कर अचेत हो गया। जहां से उसे अस्पताल में भर्ती किया गया है।

## आयोजन : स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ होगा आज

# शिविरों के माध्यम से स्वच्छाग्रही दीदियों सफाई मित्रों को देंगे योजनाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बेमेतरा में ''स्वच्छता ही सेवा'' अभियान का आयोजन 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक किया जाएगा। शिविरों में हितग्राहियों को योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। स्वच्छाग्रही दीदियों व सफाई मित्रों को शासन की योजनाओं का लाभ देने के लिए शिविरों का आयोजन।

- 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक होगा शिविरों का आयोजन

कलेक्टर रणबीर शर्मा के निर्देशानुसार मुख्य कार्यपाल अधिकारी जिला पंचायत टेकचंद अग्रवाल के मार्गदर्शन में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक प्रत्येक दिन स्वच्छाग्रही दीदियों व सफाई मित्रों को शासन की योजनाओं का लाभ देने के लिए शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में श्रम विभाग, स्वास्थ्य, खाद्य, समाज कल्याण, मनरेगा, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, प्रधानमंत्री आवास, स्वच्छ भारत मिशन, एनआरएलएम, विद्युत विभाग, शिक्षा, कृषि, महिला एवं बाल विकास, मत्स्य, उद्यानिकी, पशुपालन, कौशल विकास व जीएमडीआईसी, ईडीएम विप्स इन सभी विभागों द्वारा शिविर स्थल में स्टाल लगाया जाएगा। शासन द्वारा संचालित विभागों से संबंधित विभिन्न योजनाएं बताकर हितग्राहियों को लाभांवित किया जाएगा। मुख्य कार्यपाल अधिकारी जिला पंचायत ने सभी विभाग के अधिकारियों को शिविर में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने को कहा हैं।

### स्वच्छाग्राही सदस्यों का होगा श्रम पंजीयन

शिविरों में आस-पास के सभी स्वच्छता कार्य से जुड़ी दीदियां उपस्थित होकर इसका लाभ ले सकती हैं। स्वच्छता ही सेवा 2024 अंतर्गत स्वच्छताग्राही सदस्यों का श्रम पंजीयन कराया जाना है। शिविर स्थल में आने से पूर्व आवश्यक दस्तावेज आधारकार्ड सभी सदस्यों का, बैंक पासबुक, राशनकार्ड, आय प्रमाण पत्र स्वघोषित, पटवारी, सरपंच से लिखाकर, मोबाइल नंबर जिसमें की ओटीपी जा सके के साथ में आना है और स्वयं स्वच्छाग्राही को उपस्थित होकर फोटोग्राफी कराना है।

### शिविरों के आयोजन की तिथि बीजाभाट में आज लगेगा

स्वच्छाग्रही दीदियों के लिए स्वास्थ्य जांच एवं कल्याण शिविर 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक आयोजित किया जायेगा। जनपद पंचायत बेमेतरा अन्तर्गत 17 सितम्बर को ग्राम पंचायत बीजाभाट के प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला में शिविर लगेगा। इसके अलावा 18 सितम्बर को खण्डसरा के हाईस्कूल में, 19 सितम्बर को बालसमुंद के हाई स्कूल में एवं 20 सितम्बर को बैहरसरी के मिडिल स्कूल में शिविर आयोजित किया जाएगा। इसी तरह जनपद पंचायत नवागढ़ अन्तर्गत 21 सितम्बर को ग्राम पंचायत टेमरी के हाईस्कूल में, 22 सितम्बर को सम्बलपुर के हायर सेकेण्डरी स्कूल में, 23 सितम्बर को कुंरा के ग्राम पंचायत भवन परिसर में, 24 सितम्बर को मुरता के मिडिल स्कूल में शिविर आयोजित किया जाएगा। जनपद पंचायत बेरला के अन्तर्गत 25 सितम्बर को ग्राम पंचायत पिरदा के ग्राम पंचायत भवन परिसर में, 26 सितम्बर को बहेरा के प्राथमिक शाला में, 27 सितम्बर को देवरबीजा के ग्राम पंचायत भवन परिसर में एवं 28 सितम्बर को, सरदा के हाई स्कूल में शिविर आयोजित किया जायेगा। जनपद पंचायत साजा के अन्तर्गत 29 सितम्बर को ग्राम पंचायत कारेसरा के हाई स्कूल में, 30 सितम्बर को तेदूभाठा के हाईस्कूल में, 1 अक्टूबर को देउरगांव के हाई स्कूल एवं ग्राम पंचायत ठेलका के हाईस्कूल में 2 अक्टूबर को शिविर का आयोजन किया जाएगा।



# शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए डॉ. अलका हुई सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

वर्ल्ड महिला ब्राह्मण फेडरेशन इकाई ने शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें समाज की डॉक्टर अलका तिवारी एवं शिखा चौबे को शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने पर सम्मानित किया गया।

संगठन की जिला अध्यक्ष कनक लता मिश्रा ने जहां स्मृति चिन्ह प्रदान किया वहीं शहर अध्यक्ष रानी दुबे ने शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किए। इस दौरान सांस्कृतिक सचिव मंजू शर्मा द्वारा स्वागत में आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति दी। डॉक्टर तिवारी एवं श्रीमती चौबे ने महिला सदस्यों को संबोधित कर शिक्षा एवं शिक्षक का मानव जीवन में महत्व बताते हुए उन्हें सम्मानित किए जाने पर आभार जताया। वर्ल्ड महिला ब्राह्मण फेडरेशन इकाई पदाधिकारीयों द्वारा महिलाओं के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था भी की गई थी कार्यक्रम में महिलाओं ने बढ़ चढ़कर उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मंच संचालन उपाध्यक्ष कीर्ति तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से दीपा भठ्ठ, करुणा तिवारी, अन्नपूर्णा दुबे, अन्नू पांडे, अंजना तिवारी, लता मिश्रा, संतोषी तिवारी, वीणा शर्मा श्वेता तिवारी, आशा तिवारी, सरोज तिवारी, वंदना तिवारी उपस्थित रही।



# श्री राम सेवा मानस समिति की बैठक में मजबूती पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थान खम्हरिया

श्री राम सेवा सत्संग मानस समिति की बैठक कुटी धाम में आयोजित की गई। समिति के सदस्यों ने हिंदू सनातन धर्म और भगवान राम के चरित्र को जन-जन तक पहुंचाने के लिए काम करने पर चर्चा की। बैठक में समिति को मजबूत करने के लिए विचार-विमर्श किया गया और अगले कार्यक्रम की योजना बनाई गई। 24 सितंबर को ग्राम गोरखपुर खुर्द में एक दिवसीय मानस गान का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

बैठक में अनिल सिंघानिया, काशी अग्रवाल, कौशल वैष्णव, रामकुमार साहू, मोरध्वज साहू, लालाराम साहू, लीलाधर चंद्राकार, होरीलाल पाल, रामस्वरूप सिंह राजपूत, बलदाऊ वर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# कबड्डी में सुखरी प्रथम, दूसरे स्थान पर रही करहीभदर की टीम

**बालोद।** ग्राम मोखा व चराचर में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें जिला पंचायत सदस्य पुष्पेन्द्र चन्द्राकर मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। उन्होंने युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिता में प्रथम सुखरी की टीम ने प्राप्त किया, दूसरा स्थान करहीभदर ने तथा तीसरा स्थान भोथिपार की टीम ने प्राप्त किया।

ग्राम चराचार में एक दिवसीय कब्बड्डी प्रतियोगिता के समापन में मुख्य अतिथि सदस्य ज़िला पंचायत पुष्पेंद्र चन्द्राकर थे। अध्यक्षता ब्लाक अध्यक्ष कांग्रेस गुंडरदेही भोज साहू, बिसेसर पटेल, घनश्याम टण्डन, नोमन दास मनिकपुरी, खेमराज चन्द्राकर, लेखराम चन्द्राकर, चैत राम निषाद, प्रीतम कुमार, मिथलेश कुमार, सतीश यदु, मनेंद्र रजक विशेष अतिथि के रुप में मंचासीन थे। मुख्य अथिति पुष्पेंद्र चन्द्राकर ने कहा युवाओं द्वारा कबड्डी का आयोजन गांव में होने से ग्रामीण अंचल के बच्चों को प्रेरणा मिलती हैं, जिससे खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर मिलता हैं। ऐसा आयोजन होना चाहिए, ऐसे अयोजनों से युवाओं को ऊर्जा मिलती है, युवा संगठित होकर एक राय से कार्य करते हैं, उनमें आपसी सहयोग, भाईचारा की भावना जागृत होती है, आपसी सामंजस्य से कार्य करने का गुण विकसित होता है। ऐसे आयोजन में मेरा सहयोग हमेशा रहेगा। पुष्पेंद्र चन्द्राकर नें कहा आप लोग जब आने वाले समय में प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर प्रो कब्बड्डी में खेलेंगे तो हमारा आयोजन सफल होगा। प्रतियोगिता समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से सफल आयोजन हुआ।







# कॉलेज में हुआ वाणिज्य परिषद का गठन

**अंडा।** स्व. पुकेश्वर सिंह भारदीय शासकीय महविद्यालय निकुम में वाणिज्य परिषद का गठन किया गया। वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. सीमा जायसवाल ने परिषद के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि छात्रों के अंदर नेतृत्व गुणों का विकास करने के लिए परिषद का गठन किया जाता है।

प्राचार्य डॉ. डीके बेलेंद्र ने सभी पदाधिकारी को पद की गरिमा एवं अक्षुण्णता बनाए रखने की शपथ दिला। वाणिज्य परिषद के अध्यक्ष के रूप में भावना निर्मलकर बीकॉम अंतिम वर्ष, उपाध्यक्ष धारिणी देशमुख बीकॉम अंतिम वर्ष, सचिव योगिता साहू बीकॉम द्वितीय वर्ष सहसचिव गेंदालाल साह बीकॉम द्वितीय वर्ष, कोषाध्यक्ष यामिनी बीकॉम तृतीय वर्ष तथा नंदिता, हिना साहू एवं हिमांशु बीकॉम प्रथम वर्ष छात्र-छात्राओं को परिषद का सदस्य मनोनीत किया गया। इस अवसर पर महविद्यालय के सहायक प्राध्यापक वेदप्रकाश ठाकुर, जीवन्तिका ठाकुर, ओम प्रकाश विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का मंच संचालन पूजा सोढ़ा सहायक प्राध्यापक वाणिज्य ने किया।

# छात्रों ने ली शाला परिसर में स्वच्छता बनाये रखने की शपथ





हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला सम्बलपुर लो में एक सितंबर से स्वच्छता पखवाड़ा की शुरुआत की गई। इसमें शासन के निर्देशानुसार प्रतिदिन स्वच्छता जागरूकता से सबंधी विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

- पीएम श्री स्कूल में बाल संसद ने लोगों को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

किसी भी देश व समाज के आर्थिक व राजनीतिक विकास में, सामाजिक चेतना के संचार में शिक्षा के मंदिर का बहुत बड़ा योगदान व दायित्व होता है। इसलिए शासन की सभी कल्याणकारी योजनाओं का केन्द्र बिंदु विद्यालय से ही होकर गुजरती है। पर्यावरण को स्वच्छ बनाये रखना हर व्यक्ति और समाज के जिम्मेदारी और कर्तव्य है।

साफ सफाई से संबंधित छोटे छोटे कार्य करके व्यक्ति स्वच्छता अभियान को अपने दिनचर्या में बदल सकता है, जिसे समय-समय पर विद्यालय व स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा विभिन्न रचनात्मक कार्य, नुक्कड़ करके जनजागरण अभियान द्वारा समुदाय को जागरूक किया जाता है। इसी कड़ी में स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम के माध्यम से शिक्षकों व बच्चों द्वारा शाला परिसर व अपने आसपास के जगह में स्वच्छता बनाये रखने और लोगों को प्रेरित करने की शपथ ली।छात्र-छात्राओं द्वारा रैली निकालकर स्वच्छता अभियान में समुदाय को जोड़ने एवं जनजागरण कर सफाई व शौचालय का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। बाल संसद ने टोली बनाकर शाला परिसर के आसपास की साफ सफाई, स्वच्छता संबंधित नारे और नाटक का प्रदर्शन किया।

### बालश्रम के कानूनी प्रावधान की दी जानकारी

बेगलेश डे (शनिवार के दिन) शिक्षक अनिल दिल्लीवार द्वारा बालश्रम के कानूनी प्रावधान के संबंध में और बाल विवाह नियम के बारे में विस्तार से बताया और बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम द्वारा स्वच्छता के साथ-साथ स्वास्थ्य प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया गया। स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शाला के प्रधानपाठक वीणा ठाकुर, शिक्षक अनिल दिल्लीवार, कुमार संभव देवांगन, सुनीता साहू, राजेश्वरी साहू के मार्गदर्शन में शाला नायक डिकेश कुमार, उप शाला नायक ईशा, शिक्षा मंत्री थानेश्वर, उप शिक्षा मंत्री तामेश्वरी, सफाई मंत्री उमाशंकर, उप सफाई मंत्री योगिता, स्वास्थ्य मंत्री वरुण देवांगन, उप स्वास्थ्य मंत्री महिमा, सांस्कृतिक मंत्री रोहन, उप सांस्कृतिक मंत्री वर्षा ने योगदान दिया।

### रिसामा में 6.30 लाख के नवीन विकास कार्यों का भूमिपूजन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रिसामा में 4.30 लाख से निर्मित होने वाले सीसी रोड निर्माण कार्य एवं 2 लाख रुपए का सामुदायिक भवन मरम्मत कार्य का भूमिपूजन मुख्य अतिथि दुर्ग सांसद विजय बघेल ने किया। अध्यक्षता दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर और विशेष अतिथि सहकारी केंद्रीय मर्यादित बैंक के पूर्व अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन शामिल हुए।

- भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए सांसद और विधायक

# विकास के लिए आवागमन की बेहतर सुविधा जरूरी : सांसद विजय बघेल



इस अवसर पर प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा, महामंत्री सोनू राजपूत, महामंत्री पुकेश चंद्राकर , रिसाली मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र सेंडे, महामंत्री राजु जंघेल, लेखदास साहू, डिलेश साहू, अजीत चंद्राकर, हुबलाल चंद्राकर योगेंद्र दिल्लीवार, कुमार पटेल, मन्नुलाल साहू, कामता पटेल, रामदास साहू, मोरजध्वज साहू, गुहाराम निर्मलकर, चंद्रकांत सेन, विकास साहू, हमीत निर्मलकर,ताहिल साहू,मंशाराम क्षत्रिय राजाराम साहू, राजेंद्र साहू, परमेश्वर साहू उपस्थित हुए। दुर्ग सांसद विजय बघेल ने कहा विधायक ललित चंद्राकर के प्रयासों से दुर्ग विधानसभा क्षेत्र में निरंतर विकास कार्य जारी है। क्षेत्र के सर्वांगीण विकास सड़क मार्ग और आवागमन की बेहतर सुविधा होने से होती है। आज सीसी रोड़ का भूमि पूजन किया गया है। कुछ दिनों में तैयार हो जाएगा। लोगों को आवागमन में सुविधा होगी। केंद्र और राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। क्षेत्र के विकास में पैसों की कमी नहीं होगी। ग्रामवासियों की जो भी मांगा होगी, उसे पूरी तन्यता के साथ पूरा करेंगे। सभा में विधायक ललित चंद्राकर ने कहा छत्तीसगढ़ में विष्णु देव साय की अगुवाई वाली एनडीए सरकार में किसानों, गरीबों, वंचितों, युवाओं, महिलाओं एवं नव-मध्यम वर्ग की आकांक्षाओं को पूरा करते हुए समावेशी और विकासोन्मुखी शासन की दिशा में आगे बढ़ रही है। साय सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से लोगों के जीवन में बदलाव आया है। हमारा उद्देश्य अंतिम पंक्ति में बैठा व्यक्ति तक विकास पहुंचना है और विकसित भारत के संकल्प को पूरा करते हुए भारत को 2047 तक विकसित भारत की श्रेणी में लाना है।

# डीजे पर प्रतिबंध, जनप्रतिनिधियों में नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

हाईकोर्ट के आदेश का हवाला देकर जिला पुलिस प्रशासन ने जहां भगवान गणेश की प्रतिमाओं को विसर्जित करने के दौरान डीजे या लाउडस्पीकर बजाने में पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है और नियम का उल्लंघन करने वाले पर कड़ी कार्यवाही करने के स्पष्ट निर्देश दिया है, तो वहीं अब इस पूरे मामले में राजनीतिक दलों द्वारा प्रतिक्रिया व्यक्त की जा रही है। बालोद नगर पालिका अध्यक्ष विकास चोपड़ा ने इस पूरे मामले को लेकर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने और पुरानी परंपराओं को तोड़ने वाला प्रतिबंध बताया है।

- कहा-सरकार अपनी विफलताओं को छिपाने का प्रयास कर रही

नगर पालिका अध्यक्ष विकास चोपड़ा ने कहा कि जिस प्रकार से डीजे और धूमाल पर प्रतिबंध लगाया गया है, वह पूरी तरह से धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने और पिछले कई वर्षों से चली आ रही परंपरा को तोड़ने वाला प्रतिबन्ध है। इस निर्णय पर तत्काल पुनः विचार किया जाना चाहिए। वर्तमान समय में जहां एक तरफ इस निर्णय से गणेश समितियों के युवाओं की पिछले कई दिनों की तैयारी को एक झटके में बेकार कर दिया। वहीं दूसरी तरफ धुमाल, डीजे से संबंधित व्यवसाय के लोगों का व्यवसाय क्षीन लिया है। गणेश विसर्जन में जिस प्रकार पिछले कई वर्षों में झांकी की परंपरा शहर में रही है, उस दिन का लोग इंतजार करते हैं। आस पास गांव के लोग भी भगवान गणेश विसर्जन की झांकी देखने हजारों की संख्या में उमड़ते हैं, उन सब को निराश करने वाला यह निर्णय है।



रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, सुन्द्रेश्वर महादेव, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै- माँ मिनाक्षी देवी, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, पद्मनादम् स्वामी, केरला, कन्याकुमारी
यात्रा दिनांक
13 अक्टूबर 2024
21 दिसंबर 2024
19 जनवरी 2025
16 मार्च 2025
11 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,500/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com


By Train-रिजर्वेशन कोच
18 सितम्बर से 30 सितम्बर 2024
09 अक्टूबर से 21 अक्टूबर 2024
06 नवम्बर से 18 नवम्बर 2024
19 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), वाराणसी (काशी विश्वनाथ), गोरखनाथ मंदिर, पशुपतिनाथ, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), माँ मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फाल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बुढ़ानिलकंड, सांघा), काठमांडू दरबार, भक्तपुर, जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
राशिः-स्लीपर 18500/- 3 एसी 27,500/-2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411